[20/12/2019]

प्रश्न सं. [क्र. 1722]

परिशिष्ट–''अ''

विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1722 – का उत्तर।

1. इप्का लेबोरेट्रीज प्रा.लि. के नाम से औद्योगिक क्षेत्र पोलो ग्राउण्ड इंदौर, सेजावत रतलाम एवं औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर–3 पीथमपुर धार में स्थापित होकर विभिन्न दवाईयों एवं बेसिक ड्रग के उत्पादन का कार्य कर रही है। यह सही है कि इन कारखानों में उत्पादन कार्य के लिये विभिन्न रासायनिक पदार्थो का उपयोग किया जाता है। इस सभी कारखानों में कुल मिलाकर 5000 से अधिक श्रमिक/कर्मचारी नियोजित है।

2. कारखानें में कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों एवं आसपास वातावरण हेतु सुरक्षात्मक दृष्टि से कारखाना अधिनियम 1948 एवं सहपठित नियमों में दिये गये प्रावाधानुरूप सुरक्षा के विभिन्न उपाये किये गये है जिनमें अग्निशमन हेतु अग्निशमन उपकरण, वाटर हॉइड्रेन्ट सिस्टम, वाटर स्प्रिक्लर आदि लगाए गए है। श्रमिकों को कार्य की आवश्यकतानुसार उचित प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे हेल्मेट, सेफ्टी शुज, सेफ्टी गॉगल्स, सेल्फ कंटेन्ट ब्रीदिग एपरेटस आदि दिए गए है।

प्रोसेस सेफ्टी, इक्यूपमेन्ट सेफ्टी, एवं आपरेशन सेफ्टी से संबंधित पृथक–पृथक गॉइड लॉईन बनाई गई है। कारखाने में ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर एवं प्रथमोपचार की सुविधा उपलब्ध की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रबंधन द्वारा ऑन साईट आपात योजना तैयार की गई है जिसकी मॉक ड्रिल वर्ष में दो बार की जाती है। इन कारखानों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य का विवरण निम्नानुसार है:–

क्र.	स्थान	अधिकारी	कर्मचारी	श्रमिक	ठेका श्रमिक
1	इंदौर	24	336	53	255
2	रतलाम	968	495	751	1760
3	पीथमपुर	08	49	37	–

9/12

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
श्रम विभाग (शाखा ए)
मंत्रालय, भोपाल

Government letter